


बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, पेण्डारी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

# तसर रेशमकीट बीज पत्रिका

खण्ड - 05 | अंक - 01 | अप्रैल - सितम्बर 2019

## निदेशक की कलम से ...............



मुझे संगठन कार्यालय की तसर रेशमकीट बीज पत्रिका के इस अंक को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। गृह पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन न केवल राजभाषा कार्यान्वयन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि इससे संगठन कार्यालय व इसकी अधीनस्थ इकाइयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, तसर रेशम उत्पादकों एवं पणधारियों से संवाद स्थापित करने में सुगमता होती है। उल्लेखनीय है कि बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार का बुनियादी बीज उत्पादन संबंधी अग्रणी संस्थान है। संगठन कार्यालय के विभिन्न राज्यों में फैले 19 बुबीप्रवप्रकें/केतरेबीके के नेटवर्क के माध्यम से राज्य रेशम विभागों, पणधारियों एवं रेशम उत्पादक कृषकों की तसर रेशम उत्पादन संबंधी मांग एवं आपूर्ति को ध्यान में रखकर गुणवत्ता एवं मात्रात्मक प्राचलों के अनुरूप बीज आपूर्ति की जाती है। तसर संबंधी वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यों का निर्वहन करते हुए तथा प्रयोगशाला से प्रक्षेत्र की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए तसर रेशम उत्पादन संबंधी अनुसंधानों एवं तकनीकों को कृषकों तक पहुंचाने के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि उनकी अपनी भाषा में संवाद स्थापित किया जाए ताकि प्रक्षेत्र में कृषकों द्वारा तकनीकों का सही तरीकें से प्रयोग किया जा सके। इन सब उद्देश्यों को लक्षित कर ही इस पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है ताकि हिंदी भाषा के माध्यम से तसर संबंधी तकनीकियों का प्रचार-प्रसार किया जा सके तथा इन उद्देश्यों को पूर्ण करने में यह पत्रिका पूरी तरह सफल हुई है। इसी क्रम में यह अंक भी पिछली छमाही में किए गए मुख्य - मुख्य कार्यों की सूचना आप तक पहुंचाने में सहायक साबित होगा। प्रकाशनाधीन अवधि में संगठन कार्यालय द्वारा किए गए कार्यों का विवरण इस प्रकार है।

संगठन कार्यालय द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी कार्यक्रमों के अंतर्गत 02 हिन्दी कार्यशालाओं, 02 राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों, अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक, हिन्दी पखवाड़े का आयोजन, नराकास, बिलासपुर की बैठक में सहभागिता, बोर्ड की बैठकों में वीडियों क्रान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता, हिंदी भाषा का प्रशिक्षण तथा राजभाषा विभाग द्वारा तैयार की गई विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकियों जैसे; लीला मोबाइल ऐप, प्रशासनिक शब्दावली ऐप, ई-महाशब्दकोश ऐप, प्रवाचक, श्रुतलेखन एवं लीला प्रवाह तथा गूगल ट्रांसलेशन, फोंट परिवर्तक एवं यूनिकोड आदि का प्रयोग करना सिखाया गया। अनुसंधान एवं तकनीकी कार्यक्रमों के अंतर्गत उक्त अवधि में लक्ष्य वार गुणवत्ता वाले तसर बीजों का उत्पादन एवं आपूर्ति, तसर बीज कार्य योजना की बैठक, अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक, तसर जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन, जागरूकता दिवस, प्रक्षेत्र दिवस तथा श्री के. एम. हनुमंथरायप्पा, माननीय अध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय रेशम बोर्ड के दौरे का सफल आयोजन किया गया। इसके अलावा केन्द्रीय कार्यालय से समय-समय पर प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में, सद्भावना दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, स्वतंत्रता दिवस, आतंक निरोधी दिवस, तम्बाकू निषेध दिवस, स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं हिन्दी प्रेरणात्मक व्याख्यान माला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त अवधि में तसर रेशम उत्पादन संबंधी गतिविधियों को जानने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के छात्रों एवं स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने संगठन कार्यालय का दौरा किया। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पत्रिका का यह अंक तसर समुदाय के लिए उपयोगी साबित होगा। पत्रिका को और अधिक तराशने, सजाने, सवांरने एवं उपयोगी बनाने के लिए आप सभी सुधी पाठकों के समीक्षात्मक बहुमूल्य सुझावों का मुझे इंतजार रहेगा।

मैं सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसके प्रकाशन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग देने हेतु आभार व्यक्त करता हूँ तथा इस पत्रिका के समय पर प्रकाशन हेतु हिन्दी अनुभाग को बधाई देता हूँ। शुभकामनाओं सहित।

**डॉ. आर. बी. सिन्हा**
**निदेशक प्रभारी**

# बुतरेबीसं, बिलासपुर की अप्रैल 2019 से सितम्बर 2019 तक की मुख्य उपलब्धियां

बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन (बीटीएसएसओ) 09 तसर उत्पादक राज्यों में स्थित 18 बुनियादी बीज प्रगुणन व प्रशिक्षण केन्द्रों (बीएसएमटीसी) एवं एक केन्द्रीय तसर रेशमकीट बीज केन्द्र (सीटीएसएसएस), कोटा को तसर रेशमकीट बीज में सहयोग हेतु निरन्तर कार्यरत है। प्रकाशनाधीन अवधि में संगठन कार्यालय की मुख्य तकनीकी उपलब्धियां निम्नानुसार है।

- इस दौरान 130.55 लाख बीज कोसे की प्रक्रिया की गई एवं 30.74 लाख रोग मुक्त चकत्ते (बुनियादी बीजः 18.31 लाख एवं नाभिकीय बीज : 12.43 लाख) का उत्पादन किया गया।
- नौ तसर उत्पादक राज्यों में कुल 29.20 लाख रो.मु.च. की आपूर्ति की गई है।
- विभागीय कीटपालन के तहत 36.97 लाख बीज कोसों के उत्पादन के लिए 0.92 लाख रो.मु.च. का कीटपालन किया गया।
- अभिग्रहित कीटपालकों से 2.87 लाख रो.मु.च. कीटपालित किए गए जिससे 115.02 लाख कोसों का उत्पादन किया गया।
- तसर रेशम कृषकों में सामान्य जागरूकता हेतु 01 दृश्य/श्रृव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- बुतरेबीसं, बिलासपुर की अधीनस्थ इकाइयों द्वारा ग्रामीण अभिग्रहित कृषकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।
- रोग मुक्त चकत्तों एवं फोकी कोसों की बिक्री से वित्तीय वर्ष 2019-20 में 53.06 लाख के राजस्व की प्राप्ति हुई।
- बीडीआर-10 के 4.1 लाख रो.मु.च. तैयार किए गए तथा 3.74 लाख रो.मु.च. की राज्य रेशम विभाग को आपूर्ति की गई।
- दिनांक 31-03-2019 तक शेष बकाया डी.सी.बी. की राशि 74.32 लाख में से 33.78 लाख यानि 45.46% की वसूली की गई।

# राजभाषा कार्यान्वयन

### 1. हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन :

बुतरेबीसं, बिलासपुर में दिनांक 11-06-2019 एवं 27-09-2019 को निदेशक प्रभारी डॉ. आर. बी. सिन्हा की अध्यक्षता में 02 एक दिवसीय हिन्दी-कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओं के दौरान हिन्दी टिप्पण लेखन, पत्राचार के विभिन्न स्वरूप, व्याकरणिक भूलें एवं उनका निराकरण तथा राजभाषा विभाग द्वारा विकसित ई-महाशब्दाकोश की संस्थापना एवं प्रयोग आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशालाओं में क्रमशः श्री विक्रम सिंह, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी व सचिव नराकास, बिलासपुर एवं डॉ. ऊषा तिवारी, प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, बिलासपुर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।




### 2. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक :

संगठन कार्यालय में राजभाषा नीतियों के सफल कार्यान्वयन हेतु दिनांक 27-06-2019 व 16-09-2019 को डॉ. आर. बी. सिन्हा, निदेशक प्रभारी की अध्यक्षता में बुतरेबीसं, बिलासपुर की क्रमशः 77वीं एवं 78वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की गयी।




### 3. अधीनस्थ केन्द्रों की समीक्षा बैठक :

दिनांक 19-06-2019 को डॉ. आर. बी. सिन्हा, निदेशक प्रभारी की अध्यक्षता में बुतरेबीसं के अधीनस्थ केन्द्रों की राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी छमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सभी केन्द्रों की अक्टूबर-दिसम्बर 2018 एवं जनवरी –मार्च 2019 की तिमाहियों की प्रगति रिर्पोटों की समीक्षा की गयी।



### 4. केन्द्रीय रेशम बोर्ड की बैठक में सहभागिताः

दिनांक 20-09-2019 को वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सदस्य सचिव, केन्द्रीय रेशम बोर्ड की अध्यक्षता में आयोजित 132 वीं बैठक में संगठन कार्यालय ने सहभागिता की।

### 5. नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति की बैठक में सहभागिता :

दिनांक 28-08-2019 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की छमाही बैठक में संगठन कार्यालय के निदेशक प्रभारी डॉ. आर. बी. सिन्हा एवं श्री फूल सिंह लोधी, कनिष्ठ अनुवादक हिन्दी ने भाग लिया।




## माननीय अध्यक्ष महोदय का छत्तीसगढ़ दौरा

माननीय अध्यक्ष श्री के. एम. हनुमंथरायप्पा, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य में रेशम उत्पादन संबंधी कार्यक्रमों का जायजा लेने के लिए दिनांक 02-07-2019 से 06-07-2019 तक छत्तीसगढ़ राज्य का



दौरा किया। इस दौरान दिनांक 02-07-2019 को उन्होंने बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर का दौरा किया। उक्त अवसर पर डॉ. आर. बी. सिन्हा, निदेशक प्रभारी ने बुतरेबीसं, कार्यालय की छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य 09 राज्यों में फैले हुए बुबीप्रवप्रकें की तसर उत्पादन संबंधी प्रगति, लक्ष्य तथा कोसा उत्पादन से तसर कृषकों को होने वाली आय एवं रोजगार आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। दिनांक 03-07-2019 को माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा जांजगीर चांपा का दौरा किया तथा श्री एस. के. पटेल, एडीएस, डॉस, छत्तीसगढ़ एवं श्री मोतीलाल देवांगन, अध्यक्ष एपेक्स से तसर उत्पादन के संबंध में चर्चा की तथा रीलर्स एवं बुनकरों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा इसके बाद चांपा की रंगाई इकाई का दौरा किया एवं बुनियादी रीलिंग क्लस्टर, सियोनी का भी दौरा किया। दिनांक 04-07-2019 को कसारे स्पिन सिल्क मिल का दौरा किया दिनांक 05-07-2019 को कोसा बीज केन्द्र बनियागांव, बस्तर, पायलट प्रोजेक्ट चपका, बस्तर, बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बस्तर तथा डॉस रीलिंग इकाई एवं क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र, जगदलपुर का दौरा किया तथा दिनांक 06-07-19 को ग्रामीण उद्योग मंत्रालय, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की।

## बीज कार्य योजना की बैठक का आयोजन

बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर में दिनांक 09-05-2019 को डॉ. आर. बी. सिन्हा, निदेशक प्रभारी की अध्यक्षता में तसर बीज कार्य योजना की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संगठन कार्यालय के निदेशक प्रभारी द्वारा देश भर के 09 राज्यों के रेशम निदेशालयों एवं केन्द्रीय रेशम बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारियों एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों से पिछले वित्तीय वर्ष 2018-19 में राज्य वार निर्धारित तसर बीज उत्पादन संबधी मांग तथा आपूर्ति के लक्ष्यों की समीक्षा की तथा वर्ष 2019-20 के लिए रॉ सिल्क 3507 मैट्रिक टन उत्पादन के लक्ष्यों के प्राप्ति की कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की ताकि रेशम उत्पादक कृषकों की आय में बढ़ोतरी हो सके तथा उन्हें अच्छी गुणवत्ता एवं मात्रा में तसर बीज की आपूर्ति की जा सके। बैठक में केन्द्रीय रेशम बोर्ड एवं ग्रामोद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़ (रेशम प्रभाग) के अपर संचालक सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।



## अर्ध वार्षिक समीक्षा बैठक

बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर में दिनांक 19-06-2019 को अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के निदेशक (प्रभारी) डॉ. आर. बी. सिन्हा ने देशभर के 09 राज्यों में स्थित बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्रों के वैज्ञानिकों से राष्ट्रीय तसर रॉ सिल्क उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति में बीज संगठन की भूमिका एवं संभावनाओं पर चर्चा करते हुए तसर रेशमकीट बीज उत्पादन संबंधी मांग, आपूर्ति, गुणवत्ता एवं आगामी वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु कार्य योजना की समीक्षा की गई। इसके अलावा विभिन्न केन्द्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा किए गए तसर संबंधी अनुसंधानों एवं विकसित नवीन तकनीकों की प्रक्षेत्र में व्यवहार्यता एवं तसर कृषकों को होने वाले लाभ एवं रोजगार की संभावनाओं आदि पर विस्तृत चर्चा की तथा अधीनस्थ केन्द्रों के अनुसंधान, वित्तीय, प्रशासनिक एवं राजभाषा हिन्दी की प्रगति की भी समीक्षा की गयी।



## तसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन




बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बिलासपुर में छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश राज्य रेशम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तसर उत्पादन संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान करने हेतु दिनांक 19-09-2019 को एक दिवसीय तसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए संगठन कार्यालय के निदेशक (प्र.) डॉ. आर. बी. सिन्हा ने मुख्य अतिथि डॉ. आलोक सहाय, निदेशक, केतरेअवप्रसं, रांची तथा डॉ. राजेश बघेल, अपर संचालक व श्री श्रीराम मीना, संयुक्त संचालक, रेशम विभाग छत्तीसगढ़ का स्वागत किया तथा छत्तीसगढ़ राज्य में रेशम उत्पादन पर प्रकाश डालते हुए राज्य में गुणवत्ता युक्त रेशम एवं सफल ग्रेनेज हेतु तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में डॉ. आलोक सहाय, निदेशक, केतरेअवप्रसं, रांची ने उष्णकटिबंधीय तसर रेशमकीट पालन एवं ग्रेनेज के रोग प्रबंधन के बारे में व्याख्यान दिया। इसके अलावा डॉ. राजेश बघेल,डॉ. पी. के. कर, श्री श्रीराम मीना, डॉ. एम. एस. राठौड़, डॉ. हसनसाब नदाफ, डॉ. चन्द्ररशेखरैय्या आदि वैज्ञानिकों ने भी तसर रेशम उत्पादन पर व्याख्यान दिए। कार्यशाला में कुल 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सद्भावना दिवस का आयोजन

युवा कार्य व खेल मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार एवं वस्त्र मंत्रालय के आह्वान पर दिनांक 20-08-2019 को बुतरेबीसं, बिलासपुर में स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की जन्म शताब्दी को "सद्भावना दिवस" के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आर. बी. सिन्हा , निदेशक प्रभारी ने संगठन कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि सद्भावना दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों के बीच अहिंसा की भावना तथा सद्भाव को प्रोत्साहित करना है। उक्त अवसर पर आपने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संगठन कार्यालय के अलावा बुबीप्रवप्रके, बिलासपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया।



## वैज्ञानिक/ छात्रों का दौरा




अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों ने तसर बीज संगठन कार्यालय बिलासपुर का दौरा किया। उक्त अवसर पर संगठन कार्यालय के निदेशक प्रभारी डॉ. आर. बी. सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए रेशम उद्योग विशेषकर तसर रेशम उत्पादन के टेक्सटाइल एवं नॉन-टेक्सटाइल के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्रों को उनके शैक्षणिक कार्यक्रमों में रेशम उत्पादन संबंधी अनुसंधानों को शामिल करने हेतु उत्साह वर्धन किया। इसके बाद डॉ. एम. एस. राठौड़, वैज्ञानिक – सी ने छात्रों को तसर रेशम उत्पादन संबंधी ग्रेनेज, कीटपालन, वर्मीकम्पोस्ट बनाने तथा प्रक्षेत्र संबंधी गतिविधियों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की उक्त अवसर पर छात्र कीटपालन संबंधी जिज्ञासाओं को जानकर उत्साहित हुए। छात्रों के साथ आए माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रभारी डॉ. कलाधर ने भविष्य में छात्रों को इस तरह की तसर अनुसंधान संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु रूचि प्रदर्शित की तथा निदेशक प्रभारी महोदय का आभार व्यक्त किया।

### सेंट जेवियर स्कूल के छात्रों का दौरा :

दिनांक 06-08-2019 को सेंट जेवियर स्कूल के छात्रों ने बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन का दौरा किया तथा तसर रेशमकीट पालन संबंधी गतिविधियों को जाना।

### के.रे.उ.अ.व प्र.सं., मैसूर के वैज्ञानिकों का दौराः

तसर रेशम उत्पादन में पेब्रिन की जांच करने हेतु दिनांक 04-08-2019 से 07-08-2019 तक के.रे.उ.अ.व प्र.सं., मैसूर के वैज्ञानिक डॉ. ए. व्ही. मारय जोसेफ, वैज्ञानिक-डी एवं डॉ. जी मल्लिकार्जुन, वैज्ञानिक –सी ने बुतरेबीसं, बिलासपुर का दौरा किया।





## स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

बुतरेबीसं, कार्यालय के परिसर में दिनांक 15 अगस्त, 2019 को प्रातः 9 बजे से स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। संगठन कार्यालय के निदेशक प्रभारी डॉ. आर. बी. सिन्हा ने झंडा वंदन किया तथा स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें संगठन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी – अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बुतरेबीसं, बिलासपुर, बुबीप्रवप्रके, बिलासपुर एवं रेशम तकनीकी सेवा केन्द्र, केरेप्रौअसं, बिलासपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।



## विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के आह्वान एवं वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर में दिनांक 05-06-2019 को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम वायु प्रदूषण पर केन्द्रित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन कार्यालय के निदेशक प्रभारी डॉ. आर. बी. सिन्हा ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तसर रेशम उत्पादन को पर्यावरण हितैषी बताया। साथ ही उन्होंने प्रक्षेत्र में अशोक, आसन के वृक्षों के साथ ही साथ स्थानीय जलवायु के अनुसार वृक्षों जैसे नीम, जामुन, आम एवं पीपल के पौधों को लगाने पर भी बल दिया तथा कार्यालय परिसर में आम, जामुन एवं अशोक के वृक्षों का वृक्षारोपण किया। उक्त अवसर पर संगठन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण को बचाने के लिए अपने-अपने सृजानात्मक विचार व्यक्त किए।

### तम्बाकू निषेध दिवस :

संगठन कार्यालय में दिनांक 31-05-2019 को तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगठन कार्यालय के डॉ. एम. एस. राठौड़, वैज्ञानिक – सी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू निषेध संबंधी शपथ दिलायी।



### आतंक निरोधी दिवसः

संगठन कार्यालय में दिनांक 21-05-2019 को आतंक निरोधी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगठन कार्यालय के डॉ. एम. एस. राठौड़, वैज्ञानिक – सी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंक निरोधी शपथ दिलायी।




## प्रेरणात्मक व्याख्यानमाला

संगठन कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के अभिनव प्रयास के अंतर्गत शुक्रवार को एक घंटे की प्रेरणात्मक व्याख्यान माला आयोजित की जा रही है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा हिन्दी में अपने विचार व्यक्त करने एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक, समसामयिक, कार्यालयी एवं जीवनोपयोगी विषयों पर पावर प्वाइंट के माध्यम से व्याख्यान दिया जाता है। प्रकाशनाधीन अवधि में डॉ. चन्द्रशेखरैय्या, वैज्ञानिक –सी, डॉ. हसनसाब नदाफ, वैज्ञानिक – सी, डॉ. विशाका जी. वी., वैज्ञानिक – बी, श्री किरण कुमार मोदक, तकनीकी सहायक, श्री एस एल साहू, सहायक अधीक्षक (प्रशासन) एवं श्री बैद्यनाथ मिश्रा, तकनीकी सहायक ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए।



### आज का शब्द एवं विचार :

बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में नई पहल करते हुए संगठन कार्यालय के व्हाटसऐप ग्रुप पर द्विभाषी रूप में आज का शब्द एवं आज का विचार प्रसारित किया जाना जारी रखा गया है। जिससे संगठन कार्यालय के साथ ही साथ अधीनस्थ इकाइयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिदिन हिन्दी में एक शब्द एवं महान व्यक्तियों के विचार जानने में मदद हो रही है।




### विश्वकर्मा जयंती का आयोजन :

दिनांक 17-09-2019 को संगठन कार्यालय में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर संगठन कार्यालय के निदेशक प्रभारी डॉ. आर. बी. सिन्हा ने बुतरेबीसं के सभी सरकारी वाहनों की पूजा की।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन बिलासपुर में निदेशक प्रभारी डॉ. आर. बी. सिन्हा की अध्यक्षता में 11-09-2019 से 02-10-2019 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया। दिनांक 11-09-2019 को कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसमें श्री आनंद स्वरूप तिवारी, एसडीएम कोटा, बिलासपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षीय




संबोधन में संगठन कार्यालय के निदेशक प्रभारी महोदय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सिंगल यूस प्लास्टिक के उपयोग न करने का आह्वान किया तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर पैम्फलेट जारी किया गया।

दिनांक 27-09-2019 को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. अर्चना पांडे, प्राध्यापक, शासकीय ई. रा. महाविद्यालय, बिलासपुर ने प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों पर व्याख्यान दिया तथा स्वरचित कविता "वसुंधरा" का पाठ किया। दिनांक 30-09-2019 को शासकीय विद्यालय परसदा के कक्षा 8 वीं के छात्रों के लिए प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर प्रो. जी. डी. शर्मा, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान, खतरों, विकल्प, हाल ही में हुए विकास आदि के बारे में बताया। उक्त अवसर पर संगठन कार्यालय के निदेशक प्रभारी ने सभी को प्लास्टिक को न कहने के लिए संकल्प दिलाया। इसके अलावा सभी केन्द्रों द्वारा किए गए स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों का वीडियो तैयार कर चलाया गया।

## हिन्दी पखवाड़े का आयोजन

बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर में दिनांक 16.09.2019 से 30.09.2019 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। दिनांक 30-09-2019 को डॉ. आर. बी. सिन्हा, निदेशक प्रभारी की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर प्रो. जी. डी. शर्मा, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

दिनांक 16-09-2019 को पखवाड़े का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया तथा इस अवसर पर श्री फूल सिंह लोधी, कनिष्ठ अनुवादक (हिं) ने संगठन कार्यालय द्वारा वर्ष 2018-19 के द्वौरान किये गये कार्यों पर पावर प्वाइंट के माध्यम से संक्षिप्त में प्रकाश डालते हुए पखवाड़े के दौरान किये जाने वाले कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की जानकारी दी तथा केन्द्रीय कार्यालय से प्राप्त माननीय गृह मंत्री जी, वस्त्र मंत्री जी एवं सदस्य सचिव केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बैंगलुरु के संदेशों का वाचन किया गया। पखवाड़े के दौरान कुल 03 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें संगठन कार्यालय के एवं रेशम तकनीकी सेवा केन्द्र, बिलासपुर तथा बुबीप्रवप्रके, बिलासपुर सहित कुल 34




अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निदेशक प्रभारी महोदय एवं मुख्य अतिथि प्रो. जी. डी. शर्मा, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कर कमलों से नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

# सफलता की कहानी



**तसर रेशम ग्राम-रामपुर तहसील-बलौदा जिला जांजगीर-चांपा** : श्री सत्यनारायण तिवारी तसर रेशम ग्राम रामपुर, तहसील बलौदा, जिला जांजगीर चांपा के निवासी हैं तथा वे कर्मठ परिश्रमी और शान्त स्वभाव के व्यक्ति हैं। रामपुर फार्म में आईएसटीपी के द्वारा अर्जुन के पौधे लगाये गये हैं जो लगभग 56 एकड़ में हैं। रामपुर में समिति के माध्यम से कीटपालन किया जाता है। श्री सत्यनारायण तिवारी वर्ष में डाबा द्विप्रज का कीटपालन कर दो फसलों में कोसा उत्पादन करते हैं। उनकी उक्त कीटपालक समिति में 15 सदस्य हैं ये लोग नवीनतम तकनीकी अपनाकर तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर तसर कीटपालन से अच्छा लाभ कमा रहे हैं। उक्त समिति में सभी समुदायों के सदस्य सम्मिलित हैं। तसर कीटपालन के दौरान बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन के वैज्ञानिकों एवं तकनीकी कर्मचारियों द्वारा उनकी कीटपालन समिति के तसर उत्पादक कृषकों को तसर कीटपालन संबंधी उन्नत तकनीकियों की जानकारी तथा उनका प्रक्षेत्र में प्रयोग करने संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

### सत्यनारायण तिवारी एवं समूह का विगत तीन वर्षो के कोसा उत्पादन एवं आमदनी का ब्यौरा *

| क्रं. | वर्ष/फसल | स्रोत | प्रजाति | स्व.डि.स. | उत्पादन | औसत | बीज कोसा (संख्या) | आय (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2016-17 प्रथम | BSMTC, BSP | DBV | 1500 | 158425 | 105.62 | 153500 | 307000.0 |
| 2 | 2016-17 द्वितीय | BSMTC,BSP | DBV | 1000 | 63075 | 63.08 | 22500 | 67500.00 |
| 3 | 2017-18 प्रथम | BSMTC,BSP | DBV | 1000 | 115615 | 115.62 | 112500 | 225000.0 |
| 4 | 2017-18 द्वितीय | BSMTC,BSP | DBV | 1500 | 144945 | 96.63 | 138500 | 415500.0 |
| 5 | 2018-19 प्रथम | BSMTC,BSP | DBV | 1860 | 114660 | 61.64 | 100400 | 200800.0 |
| 6 | 2018-19 द्वितीय | BSMTC,BSP | DBV | 2400 | 166370 | 69.3 | 144100 | 432300.0 |

**रिपोर्ट श्री राकेश कुमार तकनीकी सहायक, बुबीप्रवप्रके, बिलासपुर*

# अधीनस्थ कार्यालयों की संक्षिप्त रिपोर्ट




### बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, भंडाराः

बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र , केन्द्रीय रेशम बोर्ड, भंडारा द्वारा दिनांक 24 सितम्बर, 2019 को होटल सांई प्लाजा में, निदेशक प्रभारी डॉ. आर. बी. सिन्हा , बुतरेबीसं, बिलासपुर की अध्यक्षता में तसर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नागपुर महाराष्ट्र की राज्य, निदेशालय की रेशम निदेशक सुश्री भाग्यश्री बनायत, भा. प्र. से. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यशाला में महाराष्ट्र राज्य रेशम निदेशालय की ओर से 15 एवं मध्य प्रदेश राज्य रेशम निदेशालय की ओर से 10 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र बालाघाटः




बुबीप्रवप्रके, बालाघाट में श्री आर. एल. चौधरी, वैज्ञानिक- डी, बुबीप्रवप्रके, बालाघाट की अध्यक्षता में दिनांक 16-09-2019 से 30-09-2019 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। दिनांक 30-09-2019 को पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें श्री वासुदेव भूते, हिन्दी व्याख्याता, महर्षि विद्यालय, बालाघाट, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। उक्त अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।



### केन्द्रीय तसर रेशमकीट बीज केन्द्र, करगी रोड कोटा :

केतरेबीके, करगी कोटा में डॉ. एस. एस. मोहन राज, वैज्ञानिक-बी की अध्यक्षता में दिनांक 24-09-2019 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर कुमारी मंजू तिवारी, व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल, अमने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं तथा आपने हिंदी टिप्पण एवं आलेखन के बारे में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

### बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुरः




बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, पेण्डारी, बिलासपुर में डॉ. सी. श्रीनिवास, वैज्ञानिक-डी की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान के तहत "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम का दिनांक 11.09.2019 से 02-10-2019 तक आयोजन किया गया। दिनांक 25.09.2019 को शासकीय प्राथमिक विद्यालय गनियारी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) में "स्वच्छता ही सेवा" के अन्तर्गत "सिंगल यूज प्लास्टिक" को उपयोग में नहीं लाने के संबंध में अवगत कराया तथा पाठशाला को एक डस्टबिन भी प्रदान किया गया तथा परसदा ग्राम तक रोड शो किया गया उक्त रोड शो के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता पर नारे लगाये गये ।

# मीडिया कवरेज

**प्रकाशनाधीन अवधि में संगठन कार्यालय एवं अधीनस्थ इकाइयों द्वारा किए गए कार्यक्रमों को स्थानीय अखबारों में प्रकाशित किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है।**


देश में तसर के उत्पादन में छत्तीसगढ़ राज्य की अहम भूमिका: हनुमंथरायप्पा

प्रखर समाचार
चपका में किसान मिलन समारोह
कोसा उत्पादन के लिए जगदलपुर में अनुकूल वातावरण

'C'garh environ is conducive of mulberry silk cultivation'

रेशमकीट बीज संगठन कार्यालय में कार्यशाला हुई

कोसा सेंटर में हिन्दी पर हुई कार्यशाला

रेशम विभाग में तसर जागरूकता पर कार्यशाला

अर्द्धवार्षिक समीक्षा बैठक में नवीन तकनीकों पर चर्चा हुई

रेशम केंद्र चेयरमैन का दौरा
तसर केन्द्र में इसे पालने वाले किसानों का मिलन समारोह हुआ

आयोजन : बस्तर में तसर कोसा पालन के लिए वातावरण अनुकूल
किसान मिलन समारोह में कोसा उत्पादन बढ़ाने किया उत्साहित

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन

बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन ने मनाया सद्भावना दिवस, ली शपथ

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक का हुआ आयोजन
हिंदी में सभी कार्य करें, इससे लोगों को भी आसानी से समझ जाएगा

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रखने हेतु प्रोत्साहित करता है।**

SILK MARK INDIA — Your Assurance of Pure Silk | 150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

| सेवानिवृत्ति | कार्य ग्रहण |
|---|---|
| श्री एस.एन.बिस्वास, उपनिदेशक (प्रशासन व लेखा), बुतरेबीसं, बिलासपुर (30-04-2019) | श्री सी. गणेश, सहायक निदेशक (प्रशासन व लेखा) (17-06-2019) |
| श्री बेसरा पागन, बहु कार्य कर्मचारी, बुबीप्रवप्रके , मधुपुर (30-04-2019) | श्री गोकुल चन्द्र माझी, बहु कार्य कर्मचारी, बुबीप्रवप्रके, सुन्दरगढ़ (24-06-2019) |
| श्री राजाराम शरणागत, सहायक तकनीशियन, बुबीप्रवप्रके, बालाघाट (31-05-2019) | श्री अतुल्य कुमार पधान, बुबीप्रवप्रके, सुन्दरगढ़ (24-06-2019) |
| श्री कृष्ण बिहारी चौहान, वैज्ञानिक –डी, बुबीप्रवप्रके, भंडारा (30-06-2019) | डॉ. एन .बी. चौधरी, वैज्ञानिक – डी, बुबीप्रवप्रके, सुन्दरगढ़ (25-07-2019) |
| श्री राम गहन राम, बहु कार्य कर्मचारी, बुबीप्रवप्रके, अंबिकापुर (30-06-2019) | डॉ. पी. सी. गेडाम, वैज्ञानिक –बी, बुबीप्रवप्रके, भंडारा (15-07-2019) |
| श्री प्रदीप कुमार घोष, तकनीकी सहायक, बुबीप्रवप्रके, काठीकुंड (31-07-2019) | श्रीमती सुष्मिता रीता, बहु कार्य कर्मचारी, बुबीप्रवप्रके, सुन्दरगढ़ (05-07-2019) |
| श्री सुनील कुमार लिमजे, सहायक तकनीशियन, बुबीप्रवप्रके, बालाघाट (31-07-2019) | श्री फकीरा चन्द्र माझी, बहु कार्य कर्मचारी, बुबीप्रवप्रके, सुन्दरगढ़ (01-07-2019) |
| श्री धन साईं, बहु कार्य कर्मचारी, बुबीप्रवप्रके, अंबिकापुर (31-08-2019) | श्री रमेश कुमार पटेल, तकनीकी सहायक, बुबीप्रवप्रके, पाली (23-07-2019) |
| | **आकस्मिक निधन** |
| | श्री महावीर प्रसाद मिंज, बहु कार्य कर्मचारी, केतरेकीबीके, करगी कोटा (14/07/2019) |


| संरक्षण एवं प्रकाशन | प्रधान संपादक | संकलन व संपादन | तकनीकी सहयोग |
|---|---|---|---|
| डॉ. आर. बी. सिन्हा<br>निदेशक (प्रभारी) | डॉ. एम.एस. राठौड़, वैज्ञानिक - सी<br>डॉ. चन्द्रशेखरैय्या., वैज्ञानिक - सी | श्री फूल सिंह लोधी<br>कनिष्ठ अनुवादक (हिन्दी) | डॉ. हसनसाब नदाफ, वैज्ञानिक – सी<br>डॉ. विशाका,जी. वी., वैज्ञानिक – बी<br>श्री के. के. मोदक, तकनीकी सहायक<br>श्री बैद्यनाथ मिश्रा, तकनीकी सहायक |


© प्रकाशकः निदेशक प्रभारी, बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, केन्द्रीय रेशम बोर्ड (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार), प्रथम तल, पेण्डारी, पोस्ट ऑफिस- भरनी, व्हाया- गनियारी, बिलासपुर-495112 (छत्तीसगढ़), दूरभाषः 07752-291738, 291735 फैक्स : 07752-291735
ई-मेलः btssobil.csb@nic.in, वेबसाइट : www.btsso.org